कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग दिनांक : 20/12/2024

प्रेस विज्ञप्ति
गर्ल्स कॉलेज की
राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा विधानसभा की कार्यवाही देखने हेतु शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में शैक्षणिक भ्रमण की सम्पूर्ण व्यवस्था संपादित हुई। उन्होनें छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु अग्रिम शुभकामनायें प्रदान की।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के रजत जयंती पर्व पर विधायकों द्वारा प्रश्नकाल की गतिविधियों का अवलोकन किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया। छत्तीसगढ़ की चिकित्सीय समस्याओं से संबंधित जानकारी प्रदान की। नेता प्रतिपक्ष श्री चरणदास महंत ने उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा से परिवहन से संबंधित अनेक समस्याओं से संबंधित प्रश्न पूछे जिनका उपमुख्यमंत्री ने संतोषजनक जवाब दिया। इसके पश्चात् छात्राओं को विधानसभा की पुस्तकालय एवं स्मृतियों से जुड़ी हुई संग्रहालय का अवलोकन किया। दुर्ग शहर विधायक माननीय गजेन्द्र यादव से सौजन्य भेंट हुई। उन्होनें छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा की कार्यवाही से प्रेरित होकर, आप सब भी देश सेवा, समाज सेवा एवं छत्तीसगढ़ राज्य के उत्थान के लिए कार्य करे अपने माता-पिता, संस्था एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता पद्मश्री श्री अनूज शर्मा, विधायक धरसींवा से मिलकर छात्रायें अत्यन्त प्रसन्न हुई। श्री हेमन्त यदु, श्री संतोष सोनी ने विधानसभा की समस्त कार्यवाही में विशेष योगदान दिया। विधानसभा की कार्यवाही के पश्चात् पुरखौती मुक्तांगन का भ्रमण किया गया। जिसमें छात्रायें छत्तीसगढ़ अंचल की कला एवं संस्कृति से परिचित हुए।

डॉ. सुषमा यादव राजनीतिशास्त्र विभाग की प्रभारी के कुशल मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, कु. रश्मि नौरंगे की विजय चन्द्राकर ने शैक्षणिक भ्रमण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)